अमर उजाला 07/12/2022

# विद्यार्थियों को दूध से बर्फी बनाने की दी जानकारी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के प्रबंधन विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. वीके जैन के दिशा निर्देशानुसार व डॉ. भारती विज, डॉ. अमिता के नेतृत्व में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल (एनडीआरआई) में इंडस्ट्रियल दौरा करवाया गई। प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने बताया कि इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजकुमार ने विद्यार्थियों को प्रोडक्शन यूनिट दिखाई जिसमें दिखाया गया कि गाय के दूध की प्रोसेसिंग कैसे की जाती है तथा उससे खोया, बर्फी, पनीर आदि कैसे तैयार किए जाते हैं। डॉ. अमिता ने बताया कि इस इंडस्ट्रियल विजिट में 46 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संवाद